भारत सरकार

परमाणु ऊर्जा विभाग

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या-321

उत्तर दिनांक - 25/07/2024 को दिया गया

फ्लोटिंग परमाणु ऊर्जा संयंत्र

321. श्री संजय राउत

क्या प्रधानमंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सच है कि रूस सरकार ने फ्लोटिंग परमाणु ऊर्जा संयंत्र प्रौद्योगिकी की पेशकश की है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और सरकार की इस पर क्या प्रतिक्रिया है;

(ग) क्या भारतीय परमाणु उद्योग जगत से जुड़े लोगों ने रूस में प्रस्तावित फ्लोटिंग परमाणु ऊर्जा संयंत्र का दौरा किया है, यदि हां, तो उक्त दौरे का ब्यौरा क्या है; और

(घ) फ्लोटिंग परमाणु ऊर्जा संयंत्रों की स्थापना और प्रचालन की सहायता करने के लिए किस-किस बुनियादी ढांचे का विकास आवश्यक है?

उत्तर

राज्य मंत्री, कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन तथा प्रधानमंत्री कार्यालय (डॉ. जितेंद्र सिंह)

(क) व (ख) भारत सरकार और रूसी परिसंघ सरकार ने शांतिपूर्ण उद्देश्यों के लिए नाभिकीय ऊर्जा के उपयोग के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने में रुचि व्यक्त की है, जिसमें लघु मॉड्यूलर रिएक्टर के क्षेत्र में सहयोग भी शामिल है।

(ग) जी, नहीं।

(घ) भारत सरकार ने अभी तक किसी भी प्लवमान नाभिकीय ऊर्जा संयंत्र स्थापित करने पर विचार नहीं किया है।

*****